मत्स्य पलकों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पायलट परियोजना के तहत प्रशिक्षण

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा नवीन योजना सहकारिता शिक्षा एवं प्रशिक्षण हेतु पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत LINAC राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल द्वारा जबलपुर जिले के मत्स्य पलकों एवं मत्स्य सहकारी समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। पिछले सप्ताह से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में अब तक 2500 मत्स्य कृषको एवं मत्स्य सहकारी समितियां से जुड़े हुए सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषकों को उनकी सुविधा अनुसार उनके ही क्षेत्र में जाकर, सहकारी समिति के माध्यम से कैसे सरकारी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है साथ ही अनुभवी वैज्ञानिकों द्वारा मत्स्य विज्ञान विषय संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो मनदीप शर्मा तथा श्री मनोज कुमार जी, डायरेक्टर जनरल, लिनक, गुरुग्राम, के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का निर्देशन श्री गौरव कुमार शाक्या, प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक, रा.स.वि.नि., भोपाल व डॉ. एस के महाजन, अधिष्ठता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के द्वारा किया जा रहा है।